# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2024-25

**विषय: सामाजिक विज्ञान (विषय कोड-087)** **कक्षा : X**
**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1 से 20 तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 21 से 24 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 25 से 29 तक, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 30 से 33 तक, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 से 36 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 37 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिसमें दो भाग हैं- इतिहास से 37(a) 2 अंकों के एवं भूगोल से 37(b) 3 अंकों के प्रश्न हैं ।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।

(ix) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| प्रश्न सं. | खण्ड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | अंक (20X1=20) |
|---|---|---|

**1** मान लीजिए आप एक बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आपके समक्ष ऋण वितरण के लिए चार आवेदन आए हैं (जिनका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।) यदि अन्य कारक समान हों तो बताइए आप निम्नलिखित में से किसे सबसे पहले ऋण प्रदान करेंगें ताकि ऋण की वापसी समय पर हो सके। **1**

| आवेदक का नाम | आवश्यक कागजात | समर्थक ऋणाधार | पुराना ऋण |
|---|---|---|---|
| मनोज | हाँ | हाँ | नहीं |
| रमेश | हाँ | नहीं | हाँ |
| सुरेश | नहीं | नहीं | हाँ |
| विकास | नहीं | नहीं | नहीं |

A. विकास
B. रमेश
C. मनोज
D. सुरेश

**2** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

**अभिकथन (A)**: एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट का असर दूसरे देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

**कारण (R)** : वैश्वीकरण ने देशों की अर्थव्यवस्था को आपस में जोड दिया है।

विकल्प :

A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।
B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।
C. अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।
D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

**3** श्रीमान नंद किशोर संगठित क्षेत्रक में कार्यरत है। बताइए निम्नलिखित में से कौन सी सुविधा उन्हें प्राप्त होगी? **1**

1. नियमित वेतन
2. अवैतनिक अवकाश
3. रोजगार की सुरक्षा

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 व 3
D. केवल 1 व 2

| | | |
|---|---|---|
| 4 | निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?<br>A. परिवहन द्वितीयक क्षेत्रक की एक क्रियाकलाप है।<br>B. तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है।<br>C. मत्स्य पालन द्वितीयक क्षेत्रक में आता है।<br>D. शिक्षा का संबंध प्राथमिक क्षेत्रक से है। | 1 |
| 5 | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>एक देश जिसमें उच्च जीवनस्तर, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से बेहतर माहौल है, उसे.................. देश के रूप में जाना जाता है।<br>विकल्प<br>A. अल्प विकसित<br>B. विकासशील<br>C. विकसित<br>D. दरिद्र | 1 |
| 6 | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)** : महिलाओं की साक्षरता दर पुरूषों की अपेक्षा कम है।<br>**कारण (R)** : समाज में श्रम का विभाजन लिंग के आधार पर किया जाता है।<br>**विकल्प :**<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | 1 |
| 7 | स्तंभ क का मिलान स्तंभ ख से करके उचित विकल्प का चयन कीजिए। | 1 |

| | **स्तंभ क** | | **स्तंभ ख** |
|---|---|---|---|
| a | संघ सूची | I | वन |
| b | राज्य सूची | II | प्रतिरक्षा |
| c | समवर्ती सूची | III | व्यापार एवं वाणिज्य |

विकल्प

A. a-I, b- II, c –III

B. a-II, b- I, c-III

C. a-III, b – I, c- II

D. a-II, b-III, c-I

| | | |
|---|---|---|
| **8** | निम्नलिखित में से कौन–सा सत्ता में साझेदारी का क्षैतिज वितरण का एक भाग है?<br>A. कार्यपालिका<br>B. केन्द्र सरकार<br>C. राज्य सरकार<br>D. स्थानीय स्वशासन | **1** |
| **9** | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन भारत की भाषा नीति के संदर्भ में सही है?<br>1. भारत के संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है।<br>2. भाारत के संविधान में जर्मनी को सह–राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है।<br>3. भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में 20 भाषाओं को रखा गया है।<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 2 व 3<br>D. 1, 2 व 3 सभी। | **1** |
| **10** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)**: चाय एक महत्वपूर्ण रोपण फसल है।<br>**कारण (R)**: भारत में चाय का उत्पादन नहीं होता है।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| **11** | निम्नलिखित में से किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है?<br>A. मॉसिनराम<br>B. दिल्ली<br>C. जबलपुर<br>D. चेन्नई | **1** |
| **12** | श्रीमान श्रीनिवास के देश में झूम कृषि को 'रोका' के नाम से जाना जाता है। बताइए कि श्रीमान श्रीनिवास निम्नलिखित में से संभवत– किस देश के निवासी हैं?<br>A. अमेरिका<br>B. भारत<br>C. जापान<br>D. ब्राजील | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | निम्नलिखित में से कौन–सा/से भारत में बाघ संरक्षण परियोजना का उदाहरण है?<br>1. मानस बाघ रिजर्व<br>2. पेरियार बाघ रिजर्व<br>3. कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान<br><br>A. केवल 1 व 2<br>B. केवल 2 व 3<br>C. केवल 1 व 3<br>D. 1, 2 व 3 सभी | 1 |
| 14 | मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन–सा खनिज पाया जाता है?<br>A. खनिज तेल<br>B. यूरेनियम<br>C. थोरियम<br>D. कोयला | 1 |
| 15 | निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए।<br>1. ये मृदा आमतौर पर पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाती है।<br>2. इस मृदा के गठन में पर्वतीय पर्यावरण के अनुसार बदलाव आता है।<br>3. नदी घाटियों के निचले क्षेत्रों, विशेषकर नदी सोपानों और जलोढ़ पंखों, आदि में ये मृदाएँ उपजाऊ होती हैं।<br>**विकल्प-**<br>A. काली मृदा<br>B. वन मृदा<br>C. लेटराइट मृदा<br>D. मरूस्थलीय मृदा | 1 |
| 16 | इनमें से कौन–सा वन संरक्षण का तरीका समुदायों की सीधी भागीदारी **नहीं** करता है?<br>A. संयुक्त वन प्रबंधन<br>B. चिपको आंदोलन<br>C. बीज बचाओं आंदोलन<br>D. वन्य जीव पशुविहार का परिसीमन | 1 |
| 17 | एक ऐसे समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है कि उसका साकार होना लगभग असंभव होता है कहलाता है–<br>A. कल्पनादर्श<br>B. निरंकुशवाद<br>C. समाजवाद<br>D. पूंजीवाद | 1 |
| 18 | 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' की स्थापना कब हुई?<br>A. 1707<br>B. 1710<br>C. 1740<br>D. 1857 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **19** | निम्नलिखित घटनाओं के सही कालक्रम को दिए गए विकल्पों में से चुनिए–<br>1. जेम्स ऑगस्टस हिक्की द्वारा साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गज़ट का प्रकाशन<br>2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन<br>3. फ़ारसी अखबार जाम –ए – जहाँ का प्रकाशन<br>4. रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण<br>विकल्प:<br>A. 1,2,3,4<br>B. 4,3,2,1<br>C. 3,2,4,1<br>D. 1,4,2,3 | **1** |
| **20** | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)** : जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ई. में छपी।<br>**कारण (R)** : योहान गुटनबर्ग एक फ्रांसीसी यात्री था।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है परतुं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| | **खण्ड ख**<br>**अति लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(4X2= 8)** |
| **21** | सांस्कृतिक आदान – प्रदान में खाद्य पदार्थों की भूमिका की समीक्षा कीजिए। | **2** |
| **22** | (a) सत्ता के क्षैतिज वितरण का महत्व लिखिए।<br>अथवा<br>(b)'सत्ता के उर्ध्वाधर वितरण का महत्व लिखिए। | **2**<br><br>**2** |
| **23** | सांप्रदायिकता किसी देश के लिए क्यों खतरनाक हैं? | **2** |
| **24** | अपने दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले किन्हीं दो खनिजों के नाम लिखिए। | **2** |
| | **खण्ड ग**<br>**लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(5X3= 15)** |
| **25** | स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए। | **3** |
| **26** | यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की भूमिका का उल्लेख कीजिए। | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| **27** | 'लोकतंत्र एक उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन प्रणाली की स्थापना करता है।' कथन का विश्लेषण कीजिए। | **3** |
| **28** | साख के औपचारिक स्रोतों के महत्त्व का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **29** | (a)चावल के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b)गेहूँ के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए। | **3**<br><br>**3** |
| | खण्ड घ<br>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | **(4X5=20)** |
| **30** | (a) 'गठबंधन की सरकार से आप क्या समझते हैं। भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन की सरकारों की भूमिका का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b) 'वर्तमान में राजनीतिक दलों के समक्ष चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **31** | (a) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में लोक – कथाओं, गीतों, चित्रों व प्रतीकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>(b) महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों के केन्द्रीय तत्वों की व्याख्या कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **32** | (a) भूमि संरक्षण के हेतू कुछ उपाय लिखिए।<br>अथवा<br>(b) सतत पोषणीय विकास के महत्व का वर्णन कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| **33** | (a)भारत में रिर्जव बैंक के कार्यों की विवेचना कीजिए।<br>अथवा<br>(b)'ग्रामीण क्षेत्रक आज भी साख के लिए अनौपचारिक क्षेत्रक पर निर्भर है।' कथन की परख कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| | खण्ड ड.<br>केस – आधारित प्रश्न | **(3X4=12)** |
| **34** | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>जिन्हें आज हम जर्मनी, इटली और स्विट्ज़रलैंड के रूप में जानते हैं वे तब राजशाहियों, डचियों (duchies) और कैंटनों (cantons) में बँटे हुए थे, जिनके शासकों के स्वायत्त क्षेत्र थे। पूर्वी और मध्य यूरोप निरंकुश राजतंत्रों के अधीन थे और इन इलाक़ों में तरह-तरह के लोग रहते थे। वे अपने आप को एक सामूहिक पहचान या किसी समान संस्कृति का भागीदार नहीं मानते थे। अकसर वे अलग-अलग भाषाएँ बोलते थे और विभिन्न जातीय समूहों के सदस्य थे। उदाहरण के तौर पर, ऑस्ट्रिया - हंगरी पर शासन करने वाला हैब्सबर्ग साम्राज्य कई अलग-अलग क्षेत्रों और जनसमूहों को जोड़ कर बना था। इसमें ऐल्प्स के टिरॉल, ऑस्ट्रिया और सुडेटेनलैंड जैसे इलाक़ों के साथ-साथ बोहेमिया भी शामिल था जहाँ के कुलीन वर्ग में जर्मन भाषा बोलने वाले ज़्यादा थे। हैब्सबर्ग साम्राज्य में लॉम्बार्डी और वेनेशिया जैसे इतालवी-भाषी प्रांत भी शामिल थे। हंगरी में आधे लोग मैग्यार भाषा बोलते थे जबकि बाक़ी लोग विभिन्न बोलियों का इस्तेमाल करते थे। गालीसिया में | |

| | | |
|---|---|---|
| | कुलीन वर्ग पोलिश भाषा बोलता था । इन प्रभावशाली समूहों के अलावा, हैब्सबर्ग साम्राज्य की सीमा रेखाओं के भीतर भारी संख्या में खेती करने वाले लोग अधीन अवस्था में रहते थे- जैसे उत्तर में बोहेमियन और स्लोवाक, कार्निओला में स्लोवेन्स, दक्षिण में क्रोएट तथा पूरब की तरफ़ ट्रांसिल्वेनिया में रहने वाले राउमन लोग। ऐसा फ़र्क़ राजनीतिक एकता को आसानी से बढ़ावा देने वाला नहीं था । इन तरह-तरह के समूहों को आपस में बाँधने वाला तत्व, केवल सम्राट के प्रति सबकी निष्ठा थी।<br><br>34.1. निरंकुश राजतंत्र को का क्या अर्थ हैं।<br>34.2. कौन-सा वर्ग पोलिश भाषा का प्रयोग करता था?<br>34.3. सामूहिक पहचान की भावना को बढ़ाने में कौन- कौन से कारक सहायक है? | <br><br><br>1<br>1<br>2 |
| **35** | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए।<br>कुछ देशों में सत्ता आमतौर पर दो मुख्य दलों के बीच ही बदलती रहती है। वहाँ अनेक दूसरी पार्टियाँ हो सकती हैं, वे भी चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीत सकती हैं पर सिर्फ़ दो ही दल बहुमत पाने और सरकार बनाने के प्रबल दावेदार होते हैं। अमरीका और ब्रिटेन में ऐसी ही दो दलीय व्यवस्था है। जब अनेक दल सत्ता के लिए होड़ में हों और दो दलों से ज़्यादा के लिए अपने दम पर या दूसरों से गठबंधन करके सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो इसे बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं। भारत में भी ऐसी ही बहुदलीय व्यवस्था है। इस व्यवस्था में कई दल गठबंधन बनाकर भी सरकार बना सकते हैं। जब किसी बहुदलीय व्यवस्था में अनेक पार्टियाँ चुनाव लड़ने और सत्ता में आने के लिए आपस में हाथ मिला लेती हैं तो इसे गठबंधन या मोर्चा कहा जाता है।<br><br>35.1. द्विदलीय व्यवस्था वाले किसी एक देश का नाम लिखिए<br>35.2. बहुदलीय प्रणाली को समझाइये।<br>35.3. आपके अनुसार भारत के लिए किस प्रकार की दलीय व्यवस्था बेहतर होगी और क्यों? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| **36** | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए।<br><br>तालिका: हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े | |

| **राज्य** | **प्रति व्यक्ति आय 2018–19 के लिए (रु में)** | **शिशु मृत्यु दर (2018)** | **साक्षरता दर % (2017-18)** | **निवाल उपस्थिति अनुपात (2017–18)** |
|---|---|---|---|---|
| हरियाणा | 236147 | 30 | 82 | 61 |
| केरल | 204105 | 7 | 94 | 83 |
| बिहार | 40982 | 32 | 62 | 43 |


***Source: Economic Survey 2020–21, P.A 29, P.A 157, National Sample Survey Organisation (Report No.585), National statistical office, Government of India.***

36.1. किस राज्य में प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है? **1**

36.2. आंकड़ों के आधार पर सबसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ किस राज्य में होने की संभावना है? **1**

36.3. साक्षरता दर की व्याख्या कीजिए। **2**

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र आधारित प्रश्न** | **(2+3=5)** |
| **37** | (a) भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है। इन स्थानों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए:<br><br>(i) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>(ii) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था। | <br><br><br>**1**<br>**1** |
| | (b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए:<br><br>I. विशाखापट्नम् पत्तन<br>II. पारादीप पत्तन<br>III. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन<br>IV. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन | <br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |
| | **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं। (कोई पाँच)** | |
| | (37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। | **1** |
| | (37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था। | **1** |
| | (37.3) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ विशाखापट्नम् पत्तन स्थित है। | **1** |
| | (37.4) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ पारादीप पत्तन स्थित है। | **1** |
| | (37.5) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है। | **1** |
| | (37.6) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है। | **1** |




1. The territorial waters of India extend into the sea to distance of twelve nautical miles measures from the appropriate baseline.